प्रादेशिक समाचार
दिनांक–29.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे से आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा।
2. टेंडर कमीशन घोटाला मामले में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ आरोपियों की बढ़ी न्यायिक हिरासत अवधि, अगली सुनवाई 12 जुलाई को।
3. एनटीए ने यूजीसी–नेट, सीएसआईआर यूजीसी–नेट, एनसीईटी परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा की।

और

4. टी20 विश्वकप क्रिकेट के फाइनल में आज भारत और दक्षिण अफ्रिका के बीच मुकाबला।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआइआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्व उप–राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू के जीवन पर तीन पुस्तकों का विमोचन करेंगे। यह आयोजन श्री नायडू के 75वें जन्मंदिवस के उपलक्ष्य में हैदराबाद के गाचीबावली के अनवाया कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जायेगा। प्रधानमंत्री द हिन्दू के हैदराबाद संस्करण के पूर्व संपादक एस. नागेश कुमार द्वारा लिखी जीवनी वेंकैया नायडू–लाइफ इन सर्विस का विमोचन करेंगे। वे भारत के पूर्व राष्ट्रपति के सचिव ए. आई. वी. सुब्बाराव द्वारा संकलित एक फोटो क्रोनिकल सेलिब्रेटिंग भारत – द मिशन एंड मैसेज ऑफ श्री एम. वेंकैया नायडू एज–13 वाइस प्रेजिडेंट ऑफ इंडिया और संजय किशोर द्वारा संकलित तेलुगु भाषा में सचित्र जीवनी महानेता–लाइफ एंड जर्नी ऑफ श्री एम. वेंकैया नायडू का भी विमोचन करेंगे।

***************

कश्मीर घाटी में ऊपरी हिमालय स्थित पवित्र गुफा मंदिर श्री अमरनाथ जी की वार्षिक तीर्थयात्रा आज सुबह औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। 52 दिवसीय यह यात्रा इस वर्ष 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के शुभ अवसर पर समाप्त होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र अमरनाथ यात्रा की शुरुआत पर सभी तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि बाबा बर्फानी के दर्शन और पूजा से जुड़ी यह यात्रा भगवान शिव के भक्तों में अपार ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने कामना की कि बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से सभी भक्तों का कल्याण हो। गृह मंत्री अमित शाह ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा भारतीय संस्कृति की परम्परा और निरंतरता का शाश्वत प्रतीक है।

***************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। सभी आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में आज हुई। अब इनकी अगली पेशी 12 जुलाई को होगी। आरोपियों में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, संजीव लाल, जहांगीर आलम, ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, हरीश यादव, नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया और तारा चंद शामिल हैं। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने पहली कार्रवाई 21 फरवरी, 2023 को की थी।

**************

जेल से बाहर निकलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची स्थित आवास से जेएमएम कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जानकारी मिल रही है कि राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव कराने की योजना बनायी जा रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार झारखंड की जनता ने लोकसभा चुनाव में जवाब दिया है वैसे ही विधानसभा चुनाव में भी जवाब देगी।

**************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एनटीए ने जारी एक अधिसूचना में कहा कि यूजीसी–नेट जून 2024 परीक्षा अब 21 अगस्त से 4 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 18 जून को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी।

**************

नीट पेपर लीक मामले को लेकर सीबीआई की टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। मामले की जांच के लिए आज सीबीआई की टीम गुजरात के अलग–अलग ठिकानों पर छापेमारी के लिए पहुंची। बताया जा रहा है कि पेपर लीक केस की जांच के दौरान कुछ इलेक्ट्रॉनिक सबूत हाथ लगे हैं। साथ ही गुजरात में संदिग्धों के होने की सूचना भी प्राप्त हुई है।

सीबीआई ने इस मामले में झारखंड के हजारीबाग से एक पत्रकार जमालुद्दीन को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पेपर लीक में उसके भी शामिल होने के सबूत सीबीआई अधिकारियों को मिले हैं। दरअसल, बिहार की आर्थिक अपराध शाखा ने जांच के दौरान ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस–प्रिंसिपल के शामिल होने की पुष्टि की थी। जानकारी के अनुसार पेपर लीक मामले में वो दोनों की सहायता कर रहा था। गौरतलब है कि नीट मामले के तार बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र और गुजरात से जुड़े मिले हैं। कई आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। ईओयू टीम की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी। इस मामले पर कार्रवाई जारी है।

**************

सिमडेगा जिले में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यक्रम, एक पेड़, माँ के नाम के तहत पौधारोपण किया जा रहा है।

**************

कल 30 जून को संताल हूल की 169वीं वर्षगांठ है। इस अवसर पर दुमका शहर के पोखरा चौक पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में सिदो कान्हु की कांस्य प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। वहीं सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है, जहां विश्वविद्यालय की ओर से सिदो कान्हु की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर 1855 के संताल विद्रोह के सभी शहीदों को नमन किया जाएगा।

**************

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक राज्य के सभी स्थानों पर हल्के से

मध्यम दर्जे की बारिश की प्रबल संभावना व्यक्त की है। कल राज्य के उत्तर–पश्चिमी तथा निकटवर्ती उत्तर भागों में कहीं–कहीं भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

***************

टी20 विश्व कप क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। बारबाडोस में खेला जाने वाला खिताबी मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से शुरू होगा। इससे पहले, वर्ष 2007 में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई में भारत ने पहला टी–20 विश्वकप जीता था।

रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में वर्तमान चैंपियन इंग्लैंड को 68 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को पराजित किया। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम प्रतियोगिता में अजेय बनी हुई है। भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का यह आखिरी मैच होगा।

*********समाप्त********